PRESS CLIP

==

Publication:- Rajasthan Patrika

Date: - 12th April 2020

Page :- 04

Article on The Bengal Chamber bridging the health care suppliers with health care providers during the COVID-19 pandemic.

कोरोना से मुकाबला : बंगाल चेंबर ने शुरू की

स्वास्थ्य उपकरण निर्माताओं के साथ चिकित्सा अधिकारियों को जोड़ने की पहल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

कोलकाता. लॉकडाउन में ज्यादातर उद्योगों, विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र को काफी नुकसान पहुंच रहा है। इस बीच लॉकडाउन में हेल्थकेयर क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं की मांग में काफी तेजी से वृद्धि हुई है क्योंकि अस्पतालों में संक्रमण के बढ़ते मामलों के साथ व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सहित स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक चीजों की कमी हो रही। इस स्थिति को देखते हुए बंगाल चेंबर ने आपूर्ति और मांग की कमी को कम करने के लिए विभिन्न अस्पतालों के साथ स्वास्थ्य देखभाल के सामान निर्माताओं को जोड़ने की पहल शुरू की है। इशके तहत 5 एमएसएमई क्षेत्र की कंपनियां जो अस्पताल में आवश्यक और आपूर्ति के पंजीकृत निर्माता हैं, उनसे द बंगाल चेंबर को कारगर जवाब मिला है।

वे एडशन इंटरप्राइजेज, ईवा डिस्पोजेबल दस्ताने, उद्योगी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, इंटरनेशनल एक्सपोर्ट हाउस और ट्रेंट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन प्रमुख हैं। महानगर के 8 निजी अस्पतालों के अधिकारियों ने इस बारे में चेंबर से संपर्क किया है। स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने को लेकर अस्पताल के अधिकारियों ने उनसे जानकारी ली हैं जिसमें एन-95 मास्क, डिस्पोजेबल मास्क, डिस्पोजेबल दस्ताने, सेनिटाइजर, कोविड -19 रैपिड टेस्ट किट, सर्जिकल फेस मास्क, डिस्पोजेबल चश्मे, जूता कवर, डिस्पोजेबल गाउन शामिल हैं।

इसके अलावा एचएमएचडीपीई ड्रम, डायलिसिस वॉटर जार, पेट बोतल और अस्पतालों में भोजन परोसने के लिए प्लास्टिक खाद्य कंटेनर की सप्लाई से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं। इस बारे में मेंटर, हेल्थ कमेटी और पूर्व अध्यक्ष, द बंगाल चेंबर डॉ. आलोक रॉय ने कहा कि हम काफी मुश्किल और अभूतपूर्व कठिन समय से गुजर रहे हैं। चेंबर कोविड-19 महामारी से निपटने के हर संभव मदद करने के तहत आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति की राह आसान करने में लगा हुआ हैं। चेंबर एमएसएमई क्षेत्र से लगातार संपर्क में है जो काफी पहले से हमारे साथ जुड़े हुए हैं।

तालाबंदी के कारण उन्हें भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कठिन घड़ी में हेल्थकेयर उपकरण के निर्माताओं को हेल्थकेयर यूनिट्स और अस्पतालों से जोडने की कोशिश की है जिनकी इस कठिन घड़ी में सख्त जरूरत है। महानिदेशक, बंगाल चेंबर सुभोदीप घोष ने कहा कि आज तक 5 एमएसएमई क्षेत्र के अधिकारियों ने ई-मेल भेजकर संपर्क किया है। इनमें से तीन निर्माता कंपनी हैं, बाकी दो ट्रेडिंग और एक्सपोर्ट हाउस शामिल हैं। हालांकि, अभी हम एक अधिशेष स्थिति से गुजर रहे हैं, जिसमें अस्पतालों से की गई मांग और एमएसएमई द्वारा स्टॉक के मुताबिक उन्हें किया जानेवाला सप्लाई शामिल हैं।

इसके अलावा, ईजीरेक्स, वीबेल बीसीसी और आइटेक इनक्यूबेशन सेंटर के एक इनक्यूबेट ने अफोर्डेबल 3 डी फेस शील्ड और 100फीसदी ऑर्गेनिक अल्कोहल आधारित एंटी वायरल, एंटी फंगल और एंटी बैक्टीरियल सॉल्यूशन बनाया है। इन्होंने इस बारे में चेंबर को सूचित किया है। वर्तमान स्थिति में यह उत्पाद भी काफी उपयोगी हैं।